RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



तेलुगु और तमिल फिल्मों में दिलचस्पी, मगर ...

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 128 | MONDAY DATE 01-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### टीएमसी सांसद अभिषेक पर हमले में 5 गिरफ्तार

**कोलकाता, यूटर्न/ 31 मई।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले में पुलिस ने रविवार को 5 आरोपियों को अरेस्ट किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके से जुटाए गए वीडियो फुटेज के आधार पर रातभर छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा गया। उधर ममता बनर्जी ने भतीजे अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले को साजिश बताया। ममता ने कहा- अभिषेक ने अगर हेलमेट नहीं पहना होता तो उनकी मौके पर जान जा सकती थी। हमले के चलते शरीर में खून के थक्के जम गए थे। हमले के बाद अभिषेक को जब हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया तो अस्पताल प्रशासन पर इलाज न करने का दबाव डाला गया। साथ ही उन्हें जल्द डिस्चार्ज करने को कहा गया। पश्चिम बंगाल के दक्षिण सोनारपुर में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ शनिवार को मारपीट की गई। वे यहां चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे।

### राजीव कृष्ण बने उत्तर प्रदेश के पूर्णकालिक डीजीपी

**लखनऊ, यूटर्न/ 31 मई।** उत्तर प्रदेश में बीते चार सालों से चले आ रहे कार्यवाहक डीजीपी के दौर पर आखिरकार पूर्णविराम लग गया है। सूबे की सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी और 1991 बैच के सीनियर आईपीएस अफसर राजीव कृष्ण को उत्तर प्रदेश का पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त कर दिया है। मई 2022 के बाद यह पहला मौका है जब यूपी पुलिस की कमान किसी पूर्णकालिक महानिदेशक के हाथों में सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने नए स्थायी पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग के नियमों के तहत प्रक्रिया पूरी की थी। इस पद के लिए शासन स्तर पर तीन सीनियर आईपीएस अधिकारियों रेणुका मिश्रा (1990 बैच), पियूष आनंद (1990 बैच) और राजीव कृष्ण (1991 बैच) के नामों का एक पैनल तैयार कर भेजा गया था। इन तीनों योग्य और वरिष्ठ दावेदारों के पैनल में से अंततः वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई और उन्हें पूर्णकालिक डीजीपी बनाने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया।

## कांग्रेस का मतलब है अस्थिरता, कर्नाटक में सीएम बदलने से समस्या नहीं होगी खत्मः शहजाद पूनावाला

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी अस्थिरता की पर्याय है। कर्नाटक में सत्ता संघर्ष पर उन्होंने इसे 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की सीरीज बताया और कहा कि मुख्यमंत्री बदलने से समस्या खत्म नहीं होने वाली है।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'ढाई-तीन साल बाद कर्नाटक में जो कुछ अस्थायी तौर पर चल रहा था, 'गेम ऑफ थ्रोन्स' या सत्ता के लिए संघर्ष से उसमें बस एक अस्थायी विराम आया है, लेकिन कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने हिमाचल में भी ऐसा ही किया, पंजाब और राजस्थान में भी और केरल में भी यही हो रहा है। कुल मिलाकर कांग्रेस का मतलब है अस्थिरता। उन्होंने सवाल किया, कर्नाटक में मुख्यमंत्री का चेहरा बदल गया है लेकिन क्या चरित्र भी बदलेगा? कर्नाटक की जनता तो अब भी परेशान है।

शहजाद पूनावाला ने कहा कि कर्नाटक का हाल बेहाल है तीन साल बाद कर्नाटक में चल रहा है कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। कांग्रेस में जल्द ही फिर अस्थिरता फैलेगी, कांग्रेस के नेता उच्च कमान से परेशान नजर आ रहे हैं, इसीलिए पार्टी में ये सब देखने को मिल रहा है।

# लोगों के प्रेरणादायी कार्यों की शक्ति से निरंतर आगे बढ रहा है देश : मोदी



» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के गांवों और शहरों में ऐसे अनेक प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं जिनसे यह विश्वास मजबूत होता है कि देश लोगों की शक्ति से निरंतर आगे बढ रहा है।

श्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 134 वीं कड़ी में इसी तरह के अनेक प्रेरणादायी कार्यों का उल्लेख करते हुए लोगों से इनकी सराहना करने तथा इनसे जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा, भारत के हर गाँव में, हर शहर में, कुछ-न-कुछ ऐसा हो रहा है जो हमें प्रेरणा देता है। कई बार, इन प्रयासों की ज्यादा चर्चा नहीं होती, लेकिन जब हम इन्हें जानते हैं, तो ये विश्वास और मजबूत होता है, कि देश, अपने लोगों की शक्ति से आगे बढ़ रहा है। मेरा आपसे आग्रह है, अपने आसपास ऐसे प्रयासों को जरूर देखिए। जो लोग समाज के लिए अच्छा काम कर रहें हैं, उन्हें पहचानिए, उनकी सराहना कीजिए, उनसे सीखिए, और हो सके तो खुद भी किसी अच्छे काम से जुड़िए।'

श्री मोदी ने तमिलनाडु के नागरकोइल में एक शिक्षिका गिरिजा अम्मा के साथ अपनी मुलाकात को साझा करते हुए कहा कि गिरिजा अम्मा जी करीब 15 स्कूल चलाती हैं। इनमें चेन्नई का जयगोपाल गरोडिया हिन्दू विद्यालय बहुत प्रमुख है। उनकी देशभक्ति की भावना हर भारतवासी को प्रेरित करने वाली है। उन्होंने 'मन की बात' से प्रेरणा लेकर देश के अनेक सैनिकों के लिए योगदान का संकल्प लिया।

### मोदी ने छात्रों का एस्ट्रोनॉमी क्लबों से जुड़ने का आह्वान किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एस्ट्रोनॉमी क्लबों की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए छात्रों से अपनी रूचि के अनुसार इन क्लबों से जुड़ने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात ' में कहा कि देशभर में बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक, स्कूलों से लेकर पार्कों तक एस्ट्रोनॉमी क्लब तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कहा, आज के युवाओं में भी इसे लेकर काफी उत्साह दिखाई देता है। मुझे बेंगलुरू एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के बारे में जानकारी मिली। यहां विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं। इस संस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों में एस्ट्रोनॉमी को लोकप्रिय बनाने का मिशन भी शुरू किया है। 'खगोल मण्डल' नाम की एक टीम ने 30 घंटे का एक बहुत नया कोर्स शुरू किया है।' उन्होंने कहा कि इसी तरह अशोक केरल नाम की एक संस्था रात्रि शिविर और कायशाला आयोजित करती है। यहां युवा साथी टेलीस्कोप बनाना और स्टार मैप का इस्तेमाल करना सीखते हैं। राजकोट के बिग बैंग एस्ट्रोनॉमी क्लब ने गिर के जंगलों से लेकर कच्छ के रण तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। 'ज्योतिर्विद्या परिसंस्था' भी इस विषय के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है। यहां किताबें, पुस्तकालय और टेलीस्कोप लाइब्रेरी की सुविधा भी है। उन्होंने आईसैक संस्था का भी जिक्र किया और कहा कि यह छात्रों का एक देशव्यापी नेटवर्क है जो एस्ट्रोनॉमी और एस्ट्रोफिजिक्स क्लबों को आपस में जोड़ता है।



## बंगाल में सोमवार को मंत्रिमंडल का विस्तार, सुबह 11 बजे 35 मंत्री लेंगे शपथ

» **कोलकाता, यूटर्न/ 31 मई।**

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के गठन का दूसरा चरण सोमवार को पूरा होने जा रहा है। सोमवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और 35 नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्रिपरिषद का विस्तार किया जाएगा और 35 नए मंत्री शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह सोमवार सुबह 11 बजे नबन्ना (राज्य सचिवालय) में आयोजित होगा, जहां राज्यपाल आरएन रवि मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

बता दें कि सुवेंदु अधिकारी ने 9 मई को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके साथ ही राज्य की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव दर्ज हुआ, क्योंकि पहली बार भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल कर तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के शासन का अंत किया।

कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आर. एन. रवि ने सुवेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई थी।

## नाकाम रहा है रेखा सरकार का समर एक्शन प्लान : देवेंद्र यादव

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच बेघर एवं बेसहारा लोगों की मौतों को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार का समर एक्शन प्लान पूरी तरह विफल साबित हुआ है।

श्री यादव ने दावा किया कि मई 2026 में ही गर्मी के कारण 157 अज्ञात बेघर लोगों की मौत हो चुकी है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एम्स, सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया और लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल जैसे बड़े सरकारी अस्पतालों के बाहर मरीजों के परिजन, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खुले आसमान के नीचे भीषण गर्मी झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन



स्थानों पर पेयजल, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव है। कांग्रेस नेता ने एक स्वतंत्र ऑडिट रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि गर्मी से प्रभावित फुटपाथ पर रहने वाले 97.01 प्रतिशत लोगों को अस्पतालों की चिकित्सा टीमों से कोई सहायता या निगरानी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि बेघर लोगों के अलावा गिग वर्कर, डिलीवरी कर्मी, चालक, निर्माण श्रमिक और प्रवासी मजदूर भी भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं.

## पीएम स्वनिधि योजना से स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मान और सुरक्षा के साथ सशक्त बनने में मिली मदद : मनोहर लाल

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।**

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2020 में शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना, स्ट्रीट वेंडरों को सशक्त बनाने और देश में शहरी गरीबों की आजीविका को मजबूत करने वाली एक प्रमुख योजना के रूप में उभरी है। इस योजना के प्रभाव का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल स्ट्रीट वेंडरों को बिना गारंटी के लोन प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें गरिमा, आत्मविश्वास और वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक मान्यता के साथ जीवन में आगे बढ़ने के अवसर सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्ट्रीट वेंडरों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और योगदान को मान्यता देते हुए, शहरी गरीबों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका को मजबूत



करने की दृष्टि से 2020 में पीएम स्वनिधि योजना शुरू की।' उन्होंने आगे कहा, 'इस योजना का उद्देश्य केवल बिना गारंटी के लोन उपलब्ध कराना ही नहीं था, बल्कि स्ट्रीट वेंडरों को गरिमा, आत्मविश्वास और आर्थिक सुरक्षा एवं सामाजिक मान्यता के साथ जीवन में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना भी था।'

मनोहर लाल ने बताया कि पिछले छह वर्षों में पीएम स्वनिधि योजना के तहत भारत भर में 75.5 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को लाभ मिला है। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत अब तक 1.12 करोड़ से अधिक बिना गारंटी वाले लोन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि देशभर में लाभार्थियों को 17,800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। मंत्री ने कहा कि इस योजना ने लाखों स्ट्रीट वेंडरों को पहली बार औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने और अधिक वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करने में मदद मिली है। पूर्वोत्तर क्षेत्र का जिक्र करते हुए मनोहर लाल ने बताया कि स्ट्रीट वेंडरों को 2.59 लाख से अधिक लोन वितरित किए गए हैं, और इस योजना के तहत 430 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

## धागा फैक्टरी में आग, दो घंटे में काबू

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 31 मई।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 स्थित धागा बनाने की फैक्टरी जैन जरी में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग भीषण हो गई। आग की लपटें और धुआं देखने पर स्थानीय लोगों को आग का पता चला। इसके बाद पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फैक्टरी में धागा बनाने का काम होता है। इस प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाला केमिकल भी भारी मात्रा में फैक्टरी के अंदर रखा हुआ था। वैशाली, साहिबाबाद और नोएडा से वाटर टेंडर मौके पर भेजे गए। फैक्टरी के अंदर जिस जगह आग लगी थी वहां दीवार तोड़कर आग को बुझाया गया। सीएफओ ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग को अन्य फैक्ट्रियों तक पहुंचने से पहले ही बुझा दिया गया था। कूलिंग का काम टीमें कर रही हैं।

## बहन को ले जाने से नाराज भाइयों ने की नितिन की हत्या

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मई।** बहन को भगा ले जाने और गांव में बदनामी से आहत होकर बागपत के युवक नितिन राणा की लोनी के सिखरानी गांव नहर के पास गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस में शामिल अन्यों की तलाश कर रही है। कब्जे से दो पिस्टल बरामद हुई है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सिखरानी गांव नहर के पास बुधवार को बागपत के डोला गांव निवासी नितिन राणा (20) का गोली लगा शव पड़ा मिला था। हमलावरों ने नितिन को छह से सात गोली मारी थी। इस घटना में परिजनों ने गांव में रहने वाले दो भाइयों के खिलाफ लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को घटनास्थल से बीयर की चार केन व तीन गिलास पड़े मिले थे। एसीपी ने बताया कि घटना के बाद से दोनों आरोपी आशुतोष और तनिश फरार चल रहे थे। पुलिस ने इस मामले जांच की तो पता चला कि इस घटना में मुकुल त्यागी निवासी गांव रतनपुरी पिलाना जनपद बागपत और शिवा निवासी गांव अंधैल जनपद बुलंदशहर के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने शुक्रवार रात बंथला चिरोड़ी मार्ग स्थित निठोरा गेट के पास से आशुतोष और मुकुल त्यागी को गिरफ्तार किया हैं। आशुतोष ने बताया कि मेरी बहन 27 फरवरी को नितिन के साथ घर से चली गई थी। वापस आने पर उसने नितिन के पक्ष में बयान दिया था। बहन की शादी के बाद भी नितिन उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था।

# दहेज हत्या के 12 साल पुराने मामले में पति को 8 साल की सजा



**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मई।** लोनी थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या के 12 साल पुराने मामले में अदालत ने पति को दोषी करार देते हुए आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, साक्ष्य के अभाव में सास समेत अन्य आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया।

अदालत से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी उषा का विवाह 12 दिसंबर 2008 को लोनी थाना क्षेत्र के गनोली गांव निवासी सतपाल के साथ हुआ था। आरोप था कि शादी के बाद से ही उषा पर मोटरसाइकिल और सोने की चेन लाने का दबाव बनाया जाता था। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मामले के अनुसार 25 दिसंबर 2013 को उषा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उस समय वह सात माह की गर्भवती थीं। घटना के बाद ऊषा की मां लक्ष्मी देवी ने लोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बेटी के पति सतपाल, सास शांति देवी, दो जेठों और एक अन्य पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई एडीजे-7 कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने सतपाल को दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दोषी माना।

# 17.38 करोड़ से बनेंगे चार बड़े नाले, महापौर ने किया शिलान्यास

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मई।** शहर के विभिन्न वार्डों में लोगों को राहत देने के लिए शनिवार को महापौर सुनीता दयाल ने करीब 19 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें वार्ड 91, 56, 74 और 35 में करीब 17.38 करोड़ रुपये की लागत से चार बड़े नालों का निर्माण कराया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि वार्ड-91 कविनगर में केडी-1 से केए-11 होते हुए आरडीसी फ्लाईओवर और स्पोर्ट्स प्लाजा तक 4.04 करोड़ रुपये की लागत से नाला बनाया जाएगा। वार्ड-56 चिरंजीव विहार में डायमंड फ्लाईओवर से मकान नंबर 1/124 तक 4.85 करोड़ रुपये की लागत से नाला निर्माण होगा। वार्ड-35 में त्रिवेणी अलमारी शोरूम से बेहरामपुर स्थित एमआरएफ सेंटर के सामने एनएच-9 तक सर्विस रोड, नाला और समेकित विकास कार्य 4.14 करोड़ रुपये में कराया जाएगा।

वहीं वार्ड-74 वसुंधरा सेक्टर-13 से सेक्टर-19 तक 4.35 करोड़ रुपये की लागत से मुख्य नाला बनेगा। इसके अलावा वार्ड-56 चिरंजीव विहार अंसल मार्केट के सामने 40 लाख रुपये की लागत से सड़क और डिवाइडर का निर्माण होगा। वार्ड-69 लोहिया नगर सी-ब्लॉक में सड़क और इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य 28 लाख रुपये में कराया जाएगा। वार्ड-96 नेहरू नगर-3 में पार्क के सौंदर्यीकरण पर करीब 20 लाख रुपये और वार्ड-62 गोविंदपुरम स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क के सौंदर्यीकरण पर 68 लाख रुपये खर्च होंगे। महापौर ने कहा कि चिरंजीव विहार, वसुंधरा और कविनगर जैसे इलाकों में जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। नाला निर्माण के बाद लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि अधिकांश कार्य बरसात से पहले पूरे कर लिए जाएंगे।

# इमारत गिरने के बाद एक्शन में दिल्ली सीएम किया घटनास्थल का दौरा, कड़ी कार्रवाई के निर्देश





**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।**

दक्षिण दिल्ली के सैदुलाजब इलाके में निर्माणाधीन इमारत गिरने की घटना में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने घटनास्थल का दौरा किया है।

घटना शनिवार शाम को हुई, रात भर राहत एवं बचाव अभियान लगातार जारी रहा और अब भी मलबे में अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका के मद्देनजर एनडीआरएफ समेत कई एजेंसियां मौके पर तैनात हैं।

दिल्ली सीएमओ के सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज सैदुलाजाब में घटनास्थल का दौरा किया और चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। बचाव दल कल रात से ही लगातार इन कार्यों में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई की गई है और महरौली पुलिस थाने में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। दक्षिण जिले के जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एक मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए जा रहे हैं।

आगे बताया गया कि इसके अतिरिक्त, अधिकारियों को आसपास की जर्जर और खतरनाक इमारतों का निरीक्षण करने तथा जहां भी आवश्यक हो, वहां कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी अनाधिकृत इमारतों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं और यह निर्देश दिया है कि संबंधित विभागों के सभी जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। अधिकारियों के अनुसार, मृतक की पहचान रवि (26) के रूप में हुई है। उन्हें अस्पताल ले जाने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल लोगों में साइका खान (27), आदित्य शर्मा (24), तरुण कुमार (26), अनुज दीक्षित (25), नीलम यादव (25), क्षितिज प्रताप (25), आस्था (25) और विशाल (24) शामिल हैं। सभी का इलाज एम्स ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। यह हादसा शनिवार शाम सैदुलाजब इलाके में हुआ, जब एक चार मंजिला निर्माणाधीन व्यावसायिक इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। इमारत का मलबा पास स्थित टीन शेड कैंटीन पर भी आ गिरा, जहां उस समय बच्चे मौजूद थे। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़े स्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।

बचाव कार्य में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, दिल्ली पुलिस, सिविल डिफेंस, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, दमकल विभाग और एंबुलेंस सेवाओं की टीमों को लगाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक मलबे से कुल नौ लोगों को निकाला गया है। इनमें दो लोगों को स्थानीय लोगों ने बचाया, जबकि सात लोगों को एनडीआरएफ और डीडीएमए की मदद से बाहर निकाला गया। इनमें से एक की मौत हो चुकी है।

## डीएलएसए का मेगा कैंप बनेगा आमजन के अधिकारों और सुविधाओं का केंद्र : सीजेएम वर्षा शर्मा

### 2 जून को मेगा लीगल सर्विस कैंप में मिलेगा हर समस्या का समाधान

### आधार से रोजगार और स्वास्थ्य से कानूनी सहायता तक, सब कुछ मिलेगा एक ही छत के नीचे



**पानीपत, यूटर्न/ 31 मई।** जिले के आम नागरिकों को न्याय, अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पानीपत द्वारा 2 जून को जिला न्यायालय परिसर स्थित बार कॉन्फ्रेंस हॉल (ग्राउंड फ्लोर) में भव्य मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। यह शिविर जनसेवा, सुशासन और त्वरित समस्या समाधान का अनूठा संगम साबित होगा, जहां 35 से अधिक सरकारी विभाग, संस्थाएं और सामाजिक संगठन आमजन को निशुल्क सेवाएं, कानूनी सहायता, परामर्श तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। डीएलएसए सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) सुश्री वर्षा शर्मा ने बताया कि यह मेगा लीगल सर्विस कैंप केवल एक शिविर नहीं, बल्कि आमजन को उनके अधिकारों, सुविधाओं और सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

# दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे छह विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।**




दक्षिण-पश्चिम जिले की एंटी-नारकोटिक सेल ने भारत में बिना वैध वीजा दस्तावेजों के अवैध रूप से रह रहे छह विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद इन विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने (निर्वासन) की नई प्रक्रिया विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) दिल्ली के माध्यम से शुरू कर दी गई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई वसंत कुंज नॉर्थ थाने में दर्ज एनडीपीएस (मादक पदार्थ) अधिनियम के एक मामले की जांच के दौरान की गई। जांच के दौरान छह विदेशी नागरिक पुलिस के संदेह के दायरे में आए, जिसके बाद एंटी-नारकोटिक सेल ने उनके दस्तावेजों की विस्तृत जांच शुरू की। इस अभियान के लिए एंटी-नारकोटिक सेल, दक्षिण-पश्चिम जिले के प्रभारी इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में और एसीपी (ऑपरेशंस) संगमित्रा की निगरानी में एक विशेष टीम बनाई गई थी। टीम को जिले में विदेशी नागरिकों की मौजूदगी संबंधी विशेष सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पूछताछ की गई और उनसे पहचान व आव्रजन (इमिग्रेशन) से जुड़े दस्तावेज मांगे गए।

पुलिस के मुताबिक, इन लोगों ने शुरूआत में खुद को नाइजीरिया और आइवरी कोस्ट का नागरिक बताया। उन्होंने दावा किया कि वे भारत में पर्यटन और व्यावसायिक वीजा पर आए थे। पूछताछ के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि उनके वीजा संबंधी दस्तावेज सुरक्षित रखने के लिए उनके संबंधित दूतावासों में जमा हैं। हालांकि, जांच में पता चला कि सभी छह लोग निर्धारित अवधि से अधिक समय से भारत में रह रहे थे। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने बयान में कहा, 'इमिग्रेशन विभाग से सत्यापन में पता चला कि ये सभी भारत में वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी रह रहे थे और उनके पास कोई वैध वीजा दस्तावेज नहीं था। उन्होंने स्वीकार किया कि वे भारत में अवैध रूप से रह रहे थे।'

पुलिस ने बताया कि विस्तृत जांच और सत्यापन के बाद सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और एफआरआरओ, नई दिल्ली के माध्यम से उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और आव्रजन कानूनों को लागू करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## हिमांशु भाऊ गैंग का एक कुख्यात अपराधी आशीष उर्फ डॉन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एक गुप्त सूचना पर काम करते हुए पुलिस ने हिमांशु भाऊ गैंग के एक कुख्यात अपराधी आशीष उर्फ डॉन को गिरफ्तार किया। यह अपराधी 4 आपराधिक मामलों में फरार चल रहा था। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि कुख्यात अपराधी आशीष उर्फ डॉन दिल्ली के बक्करवाला का रहने वाला है। उसकी उम्र 26 साल है। अधिकारियों ने बताया कि यह अपराधी 4 आपराधिक मामलों में फरार चल रहा था, जिनमें आउटर डिस्ट्रिक्ट के 2 मामले भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुख्यात अपराधी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अपराधी को घेर लिया। संक्षिप्त गोलीबारी के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से .32 बोर की एक अवैध सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और 2 खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने 112.32 ग्राम हेरोइन के साथ एक महिला ड्रग पेडलर को पकड़ा। प्रेस नोट के अनुसार, इस ऑपरेशन के दौरान मीना (मीनू) को गिरफ्तार किया गया।



# जेबीटी अध्यापक सूबे सिंह शेखावत सेवानिवृत्त, शुभकामनाएं देने पहुंचे गणमान्य नागरिक

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 31 मई। देवीगढ़ पुनिया गांव में मास्टर सूबे सिंह शेखावत ने 21 वर्ष 5 महीने जेबीटी पद से सेवानिवृत्त होने पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें सम्मानित कर उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं।




इस अवसर पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य साधु राम जाखड़, पूर्व विधायक वेद नारंग, बरवाला के चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, वाइस चेयरमैन ताराचंद नलवा, एकता टाइम के संपादक एवं मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा,अनाज मंडी स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष बिश्नोई, पार्षद राधेश्याम गुदली,पार्षद सतबीर सैनी,कालू, देवराज असीजा समाजसेवी,पार्षद धर्मसिंह,रामपाल, सुरेश शर्मा, सुनील शर्मा, अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एवं डायमंड रतन महेंद्र सेतिया, सुदर्शन खुराना वरिष्ठ समाजसेवी, समाजसेवीका आशा चुघ, दैनिक पंजाब केसरी के पत्रकार कृष्ण सलूजा, इनेलो नेता राहुल भुक्कल पूर्व पार्षद ,एडवोकेट मानुज सरदाना, सुनीता पठनेजा समाजसेविका, मंजू सरदाना समाजसेविका, ओमप्रकाश सेतिया समाजसेवी, राजबीर वर्मा, संजीव भाटिया, सुनीता मनचंदा समाजसेविका, ओमप्रकाश मनचंदा समाजसेवी, कुमार,वीरेंद्र बढ़ाला या भारत विकास परिषद के सदस्य तथा अखिल भारतीय विकास परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने मास्टर सूबे सिंह शेखावत की शिक्षा क्षेत्र में दी गई , उनके भाई जिले सिह शेखावट ने उनके उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कर्मठता, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणादायक रहेगा।

उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका अनुभव और मार्गदर्शन समाज तथा शिक्षा जगत को मिलता रहेगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता एवं साहित्य सेवी रामेश्वर दास कबीर कोहिनूर सम्मान 2026 के लिए हुए चयनित

» **निर्मल सिंह विर्क**



पानीपत, यु-टर्न 31 मई । सामाजिक कार्यकर्ता एवं मन की उड़ान साहित्यिक संस्था (रजि.) के संस्थापक रामेश्वर दास को अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू नागौर राजस्थान में 28 एवं 29 जून को कबीर जयंती महोत्सव के दौरान भारत भूषण संत डॉ. नानक दास महाराज के कर कमलों से कबीर कोहिनूर सम्मान -2026 प्रदान किया जाएगा। रामेश्वर दास को यह सम्मान उनके पिछले 25 वर्षों से किये जा रहे सामाजिक कार्यों एवं शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। कबीर कोहिनूर सम्मान-2026 के लिए देश भर से अलग-अलग क्षेत्र में काम कर रही 21 प्रतिभाओं को चयनित किया गया है। इस चयन से रामेश्वर दास ने कहा कि इस सम्मान के लिए चयनित होना उनके लिए खुशी का विषय है, उन्होंने इस चयन के लिए अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम संस्थान बड़ी खाटू नागौर राजस्थान का आभार व्यक्त किया।

# खरक पूनिया में प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने सुना मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम

» **हरियाणा, यूटर्न/ 31 मई।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया के खरक पूनिया स्थित फार्म हाउस पर बूथ संख्या 188, विधानसभा उकलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशहित एवं समाजहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए गए। उन्होंने भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए नागरिकों को सावधानी बरतने का संदेश दिया। साथ ही आम उत्पादक किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे देश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने युवाओं में खगोल विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि का उल्लेख करते हुए बंगलूरू एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी और एस्ट्रो केरल जैसी संस्थाओं के प्रयासों की प्रशंसा की। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में गंगा डॉल्फिन संरक्षण एवं रेस्क्यू अभियान की सफलता को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण बताया। उन्होंने नदी में संचालित एक अनूठे विद्यालय का भी उल्लेख किया, जो बिना किसी शुल्क और भवन के बच्चों, युवाओं एवं बुर्जुगोंको शिक्षा और प्रकृति से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम के पश्चात भाजपा हरियाणा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आज के कार्यक्रम में उठाए गए सभी विषयों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि ये विषय पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक सोच, कृषि विकास तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाले हैं।

सुरेन्द्र पूनिया ने हाल ही में भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुई डॉ. अर्चना गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी प्रदेश में नए आयाम स्थापित करेगी।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन की नीतियों को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव युवा मोर्चा भाजपा हरियाणा विपिन लोहिया,जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा हिसार हर्ष बामल एवं हांसी अध्यक्ष सुखविंदर जाखड,मार्केट कमेटी बरवाला चेयरमैन प्रवीण सैनी,जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा हिसार डा देशराज, शिवा प्रॉपर्टी सलाहकार के निदेशक रामनिवास खोवाल,सेवानिवृत प्रधानाचार्य रमेश आर्य,जिला महामंत्री युवा मोर्चा वीरेन धानक,वाइस चेयरमैन रोशन घनघस,शमशेर गिल,विपिन मलिक,कुलबीर डीपी,मंडल सचिव विनोद भुक्कल,जिला सचिव युवा मोर्चा प्रवेश लम्बोरिया,मंडल अध्यक्ष मनबीर पूनिया,जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा,मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा,वरिष्ठ भाजपा नेता तरसेम पूनिया,पुरुषोत्तम गुप्ता,सुशील तोशाम,बरवाला ब्लॉक समिति चेयरमैन अनूप घनघस,ईश्वर पटवारी,जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा सतीश गिल,मास्टर नरेंद्र पूनिया,जोगिन्दर कुंडू,मनवीर राकेश गर्ग युवा भाजपा नेता,राजेश पूनिया,मनजीत पुनिया सहित अनेकों कार्यकर्ता गण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## शिवली पुलिस से मुठभेड़ में शातिर लुटेरा राहुल गिरफ्तार, मुकदमें एक दर्जन से अधिक

**सुनील बाजपेई/कानपुर, यूटर्न/ 31 मई।** अपराधियों के खिलाफ जारी सफल अभियान में शिवली थाना क्षेत्र में मुठभेड़ की बाद पुलिस ने बाला लूटने वाले शातिर अपराधी राहुल पुत्र अतर सिंह, निवासी ब्रह्मनगर कंजड़ डेरा, थाना अकबरपुर को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी पहले ही पकड़ा जा चुका था।

जानकारी के मुताबिक शिवली पुलिस को यह सफलता अपने अब तक के कार्यकाल में छोटी बड़ी सभी घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए सभी अपराधियों को जेल भेजने में सफल इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में मिली। घटना के समय देर रात पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी समय एक बाइक सवार पुलिस को देख भागने लगा, पीछा करने पर फायर किया। जवाबी फायरिंग में उसके दाएं पैर में गोली लगी और वहीं गिर गया। अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल अभियान में जुटे इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि हरदिया नाला गांव के राजेश की पत्नी रेखा देवी रविवार को कंडे पाथ रही थी। उसी समय अपाचे बाइक सवार दो लुटेरे आए और पता पूछने के बहाने उनका बाला नोंचकर भाग गए थे। जिसमें पुलिस ने एक आरोपित राजपुर के इस्माइल खां को बीते मंगलवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ ही पीड़ितों की सहायता में भी अव्वल इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के मुताबिक झपटमारी की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को एक पीली धातु का कान का बाला व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ कानपुर देहात व आसपास के जनपदों में 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। लोकहित में अपनी धुन के पक्के इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर की अगुवाई में इस अपराधी को गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर शिवेन्द्र कुमार लोकेश कुमार ,कांस्टेबल अभिषेक कुमार, रवि, अंकुर और शिववर्धन भी शामिल रहे।

# अब 'टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ट्रिब्यूनल' में ऑनलाइन दायर की जा सकेगी अपील : विश्राम कुमार मीणा

### अवैध निर्माण के खिलाफ की गई कार्रवाई पर पीड़ित व्यक्ति घर बैठे पोर्टल पर कर सकेंगे अपील

### मैनुअल प्रक्रिया से मिलेगी मुक्ति- समय, धन और श्रम की होगी बचत

» **परमिंदर सिंह**

यू टर्न कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 31 मई। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा डिजिटल गवर्नेंस और नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ट्रिब्यूनल, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग हरियाणा द्वारा आमजन की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन अपील फाइलिंग सिस्टम विकसित कर उसे लॉन्च कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था से प्रणाली में पारदर्शिता आएगी तथा लोगों की पहुंच और अधिक आसान होगी।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए कहा कि अब तक ट्रिब्यूनल के समक्ष अपील दायर करने के लिए लोगों को व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने कानूनी परामर्शदाता के माध्यम से ट्रिब्यूनल कार्यालय में जाना पड़ता था। इस मैनुअल प्रक्रिया में आमजन का काफी समय, श्रम और धन खर्च होता था। जनता को इस परेशानी से राहत दिलाने के उद्देश्य से अब पूरी प्रक्रिया को आधुनिक एवं व्यवस्थित बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा शेड्यूल रोड्स एंड कंट्रोल्ड एरिया रिस्ट्रिक्शन ऑफ अनरेगुलेटेड डेवलपमेंट एक्ट, 1963 के तहत अवैध निमार्णों के खिलाफ संबंधित जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) द्वारा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाती है। डीटीपी को यह शक्तियां महानिदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा की ओर से प्रदान की गई हैं।

इस कार्रवाई से प्रभावित अथवा पीड़ित व्यक्तियों को कानूनन यह अधिकार प्राप्त है कि वे इसके विरुद्ध ट्रिब्यूनल के समक्ष अपनी अपील दायर कर सकें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अब प्रभावित व्यक्ति घर बैठे ही विभाग के वेब पोर्टल टीसीपी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपनी पील ऑनलाइन माध्यम से दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे सरकार की इस डिजिटल सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से पारदर्शी एवं सरल प्रक्रिया का फायदा लें।

## एकमुश्त निपटान योजना-2026 से छोटे व्यापारियों को मिलेगा बड़ा लाभः गौरव चहल डीईटीसी

**निर्मल सिंह विर्क/ पानीपत, यूटर्न/ 31 मई।** डीईटीसी गौरव चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने राज्य के व्यापारियों को राहत प्रदान करने तथा विभिन्न कर कानूनों के अंतर्गत लंबित कर बकाया मामलों के निपटान के लिए एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस)-2026 लागू करने का निर्णय लिया है। यह योजना 1 जून से 28 सितंबर 2026 तक 120 दिनों के लिए प्रभावी रहेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में लागू की गई एकमुश्त निपटान योजना को व्यापारियों से अभूतपूर्व समर्थन मिला था और लगभग 1,15,223 व्यापारियों ने इसका लाभ उठाया। इसी सफलता को देखते हुए सरकार ने पुनः यह योजना लागू करने का निर्णय लिया है। गौरव चहल ने बताया कि योजना के तहत सात विभिन्न कर अधिनियमों के अंतर्गत लंबित कर बकाया का निपटान किया जा सकेगा, जिन करदाताओं पर किसी वित्तीय वर्ष में एक लाख रुपये तक का कर बकाया है, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी तथा उनके कर, ब्याज एवं जुमार्ने की राशि स्वतः माफ कर दी जाएगी। उन्होंने कहा है कि हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के अंतर्गत लंबित मामलों में विशेष राहत प्रदान की गई है। एक लाख रुपये से अधिक कर बकाया वाले मामलों में 70 प्रतिशत तक कर छूट का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न वैधानिक प्रपत्रों के अभाव में लंबित मामलों के समाधान के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। ईटीओ योगेश भारद्वाज ने कहा है कि योजना के अंतर्गत ब्याज एवं जुमार्ने में 100 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध होगी, जबकि कर राशि पर भी निर्धारित श्रेणियों के अनुसार राहत प्रदान की जाएगी।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# 11 हजार वाहन मालिकों पर परिवहन विभाग का दस करोड़ बकाया, होगी कार्रवाई

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मई।**

संभागीय परिवहन विभाग ने रोड टैक्स नहीं जमा करने वाले व्यावसायिक वाहन मालिकों के खिलाफ अब कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिले में करीब 11 हजार से अधिक ऐसे वाहन मालिकों को चिह्नित किया गया है, जिन्होंने पिछले पांच साल या उससे अधिक समय से एक भी रुपया टैक्स जमा नहीं किया है। इस लापरवाही से सरकार को लगभग 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व का नुकसान हुआ है।




ऐसे वाहन स्वामियों को परिवहन विभाग की ओर से अब नोटिस भेजकर बकाया रकम जमा करने के लिए 15 दिन का समय दिया जा रहा है। एआरटीओ प्रशासन अशोक कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर बकाया टैक्स जमा नहीं किया तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तय समय सीमा में टैक्स जमा न करने पर उनके खिलाफ रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

यह आरसी सीधे जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। इसके बाद वसूली की प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें वाहन की कुर्की, बैंक खाते सीज करने और गंभीर मामलों में जेल तक की कार्रवाई संभव है।

जिन वाहन मालिकों की गाड़ियां कबाड़ हो चुकी हैं या लंबे समय से सड़क पर नहीं चल रही हैं, वे 15 दिन के भीतर आरटीओ कार्यालय में संपर्क कर स्थिति स्पष्ट करें।




# दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा रणदीप भाटी गैंग का सक्रिय सदस्य, हत्या के मामले में था वांटेड



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।**

दिल्ली पुलिस की एटीएस टीम ने एक वांटेड और कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी कुख्यात रणदीप भाटी गैंग का सक्रिय साथी है और दिल्ली के फतेहपुर बेरी थाने में दर्ज एक हत्या के मामले में वांटेड था।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य की पहचान अनुज चौधरी उर्फ फाइटर के रूप में की गई है, जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है। उसके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और एक चोरी की स्कूटी बरामद की गई।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय कुख्यात अपराधियों और गैंग के सदस्यों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निरंतर प्रयासों के तहत एटीएस टीम वांटेड अपराधियों और गैंग के साथियों के बारे में लगातार खुफिया जानकारी जुटा रही थी। 28 मई को, फतेहपुर बेरी हत्या मामले में शामिल एक वांटेड अपराधी की आवाजाही के बारे में विशिष्ट जानकारी मिली। ऐसी उम्मीद थी कि वह अवैध हथियार और गोला-बारूद लेकर पूर्वी दिल्ली में आएगा। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष रेडिंग टीम का गठन किया गया।

टीम ने तुरंत मिली जानकारी पर काम किया, निगरानी बढ़ाई और दिल्ली के गाजीपुर में पेपर मार्केट के पास एक जाल बिछाया। लगातार प्रयासों के बाद संदिग्ध को देखा गया और उसे रोक लिया गया। पुलिस की मौजूदगी भांपकर, उसने भागने की कोशिश की। हालांकि, थोड़ी देर पीछा करने और हाथापाई के बाद पुलिस टीम ने सफलतापूर्वक उसे काबू कर लिया।

तलाशी के दौरान उसके पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आगे की जांच से पता चला कि आरोपी जिस स्कूटी का इस्तेमाल कर रहा था, वह लक्ष्मी नगर इलाके से चोरी हुई थी। लगातार पूछताछ और जांच के दौरान, यह भी सामने आया कि आरोपी कुख्यात रणदीप भाटी गिरोह से करीब से जुड़ा था और दिल्ली व उत्तर प्रदेश में कई जघन्य आपराधिक मामलों में सक्रिय रूप से शामिल रहा था।

# राष्ट्रीय पैरा-एथलीट चिराग त्यागी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एथलीट के शरीर पर कथित तौर पर और भी चोटें देखी गई हैं। हालांकि, अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि चोटों की प्रकृति और मौत के सही कारण की पुष्टि केवल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही की जा सकती है।**



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।**

राष्ट्रीय पैरा-एथलीट चिराग त्यागी की मौत से खेल जगत और गाजियाबाद के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका शव शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित साई उपवन में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। पुलिस ने शनिवार शाम को शव बरामद किया और मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, चिराग त्यागी दिल्ली में अपने हॉस्टल से पैतृक गांव, गाजियाबाद के मुरादनगर इलाके में स्थित बसंतपुर सेंथली के लिए निकले थे। हालांकि, बाद में दिन में उनका शव साई उपवन में मिला। पुलिस को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञ सबूत इकट्ठा करने के लिए मौके पर पहुंचे। पुलिस उपायुक्त (शहर) धवल जायसवाल ने रविवार को कहा, 'आज कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में, दोपहर करीब 3 बजे, पुलिस को सूचना मिली कि साई कुंज इलाके में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। शव को आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं और पोस्टमॉर्टम कार्रवाई के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक की पहचान चिराग त्यागी के रूप में हुई है, जो एक पैरा-एथलीट थे। प्रथम दृष्टया, यह मामला हत्या का प्रतीत होता है।'

कोतवाली थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में त्यागी की पीठ पर एक घाव मिला है, जो किसी नुकीली चीज से हुए घाव जैसा लग रहा है। जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह घाव किसी हथियार, किसी धारदार चीज, या किसी अन्य वस्तु से हुआ था। जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एथलीट के शरीर पर कथित तौर पर और भी चोटें देखी गई हैं। हालांकि, अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि चोटों की प्रकृति और मौत के सही कारण की पुष्टि केवल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही की जा सकती है।

चिराग त्यागी को भारत के सबसे होनहार पैरा-एथलेटिक्स प्रतिभाओं में से एक माना जाता था। वे अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अपनी पहचान बना रहे थे।

चिराग दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में प्रशिक्षण ले रहे थे और वहीं रह रहे थे, जहां उन्हें विशेष कोचिंग और रहने की सुविधा उपलब्ध थी। उन्होंने हाल ही में बेंगलुरु में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से मिले फॉरेंसिक सबूतों का विश्लेषण किया जा रहा है और एथलीट से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# पार्क में झूला झूलने पर विवाद, सुरक्षा गार्ड को पीटा

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 31 मई।** स्वर्ण जयंती पार्क में बकरीद के दिन घूमने आए युवक-युवतियों पर पार्क के सुरक्षा गार्ड भूपेंद्र यादव को पीटने का आरोप है। 28 मई को हुए इस विवाद में पुलिस ने 29 मई को प्राथमिकी दर्ज की। वहीं झगड़े में शामिल इंदिरापुरम निवासी खुर्शीद उर्फ एलेक्स और मीनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दी तहरीर में भूपेंद्र यादव ने बताया कि वह हरदोई के मूलनिवासी हैं और वर्तमान में नीतिखंड स्थित मकान में किराये पर रह रहे हैं। बताया कि बकरीद के दिन पांच लोगों का एक समूह पार्क में घूमने आया था। इसमें कुछ युवतियां भी शामिल थीं। नाव वाला झूला झूलने को लेकर समूह के युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। बताया कि जब उन्होंने विवाद का विरोध करते हुए युवकों को हटाने का प्रयास किया तब आरोपी मारपीट करने लगे।

# रैंप तोड़ने के विरोध में सड़क पर उतरे अरिहंत आल्तूरा निवासी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 31 मई।** इंदिरापुरम के अभयखंड स्थित अरिहंत आल्तूरा सोसायटी के निवासियों ने शनिवार को नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप है कि निगम टीम 29 मई को सोसायटी के प्रवेश रैंप को तोड़ने पहुंची थी। निवासियों ने इसे पक्षपातपूर्ण और बिना सुनवाई की कार्रवाई करार देते हुए विरोध जताया। सोसायटी एओए के अध्यक्ष पद्माकर झा ने बताया कि मुख्य अभियंता के नेतृत्व में 20 से अधिक कर्मचारी रैंप तोड़ने पहुंचे थे। निगम का कहना है कि रैंप के कारण जल निकासी बाधित हो रही है। सोसायटी प्रबंधन ने खुद पानी बहाकर परीक्षण किया और दावा किया कि रैंप के नीचे से पानी का प्रवाह सुचारु है।

# सूर्या का 'कातिल' ढेर: सामने आया हत्या का चौंकाने वाला कारण, चार इंच तक घुसा था चाकू

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मई।**

गाजियाबाद में ईद उल अजहा पर युवक को चाकू से गोदकर हत्या करने का आरोपी रविवार की सुबह पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। पुलिस ने शव मेडिकल परीक्षण को भेज दिया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने बताया कि थाना खोड़ा इलाके में 28 मई को सूर्या चौहान नाम के युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों की तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि मुख्य हत्यारोपी वंचित था और उसकी गिरफ्तारी पर कमिश्नरेट पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि असद अपने कुछ साथियों से मिलने थाना खोड़ा क्षेत्र में आने वाला है। उनसे कुछ पैसे लेकर वह बाहर भागने की फिराक में था। पुलिस पूरे क्षेत्र में लगातार कॉम्बिंग एवं बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वसुंधरा क्षेत्र में असद अपने एक साथी के साथ बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया। असद ने पुलिस टीम को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार असद पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने असद को मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में थाना खोड़ा में तैनात एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया है। मुठभेड़ के दौरान असद का दूसरा साथी भागने में कामयाब रहा। असद से एक पिस्टल और पिस्टल बरामद की गई है।



## बाइक चलाने को लेकर हुआ विवाद, चार इंच तक घुसा था चाकू

सूर्या का मुख्य आरोपी से बाइक चलाने को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार, झगड़ा बकरीद के दिन सुबह के समय ही हुआ था। पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, चाकू सूर्या के शरीर में करीब चार इंच तक घुसा था। पुलिस ने मामले को हत्या की धारा में तरमीम करते हुए मुख्यारोपी के पिता नबाव, उसके साथी आतिफ व फरहान को गिरफ्तार किया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, सूर्या व मुख्यारोपी पहले से परिचित थे। दोनों अक्सर मिलते भी थे। बकरीद पर कुर्बानी दिखाने के लिए आरोपी ने सूर्या को बुलाया था। पहले तो सूर्या ने आरोपी से मना किया था। इसके बाद ईद की पार्टी और मुबारकबाद देने की बात कही। कुछ देर की बातचीत के बाद सूर्या आरोपी की बुलाई जगह पहुंचा। इसके बाद यहां आरोपी किशोर ने वारदात को अंजाम दिया। शनिवार की सुबह से ही पीड़ित परिवार के घर लोगों का आना-जाना लगा रहा।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय हनुमान दल और हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा सुबह से ही परिवार के साथ सड़क पर बैठे रहे। उन्होंने परिवार को न्याय मिलने तक हर कदम पर साथ रहने की बात कही।

## सूर्या हत्याकांड में 10 घंटे हंगामा

खोड़ा की नवनीत विहार निवासी 11वीं कक्षा के छात्र सूर्या (17) के अंतिम संस्कार से पहले शनिवार को करीब 10 घंटे तक तनाव और हंगामा चलता रहा। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते पोस्टमार्टम के बाद दोपहर लगभग 1:30 बजे शव घर पहुंचते ही माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। इस बीच परिवार व स्थानीय लोगों ने अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। वह आरोपियों के एनकाउंटर, घर पर बुलडोजर चलाने और सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। करीब चार घंटे तक चली बातचीत के बाद प्रशासन के आश्वासन पर सहमति बनी। सरकार की ओर से परिवार को सुरक्षा, शस्त्र लाइसेंस और आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिया गया।

28 मई को बकरीद के मौके पर सूर्या को कुर्बानी दिखाने के बहाने उसके नाबालिग दोस्त ने बुलाया था। आरोप है कि उसी दौरान समुदाय विशेष के युवकों ने चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। वारदात से क्षेत्र में तनाव फैल गया।

पोस्टमार्टम के बाद जब कफन में लिपटा हुआ सूर्या का शव घर लाया गया तो मां सरोज ठाकुर बेटे के हत्यारों का एनकाउंटर करने की मांग करने लगीं। यह कहते-कहते वह बेसुध हो गईं। इस बीच परिवार, स्थानीय लोग और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी एकत्र हो गए। सभी ने आरोपियों के एनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, सुबह से ही पुलिस अधिकारी परिवार से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे।

# अमेरिका में कानूनी मामले अब पीछे छूट चुके हैं, अब विकास के अगले चरण को गति देने पर है फोकस : गौतम अदाणी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।

अरबपति उद्योगपति और अदाणी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा है कि अमेरिका में अदाणी समूह से जुड़े कानूनी मामलों का अध्याय अब पीछे छूट चुका है और समूह अब अपनी अगली विकास यात्रा पर पूरी मजबूती के साथ ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अदाणी समूह अब ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में निवेश को तेज करने पर काम कर रहा है।

गौतम अदाणी ने कहा कि समूह के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती पूंजी जुटाना नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती बुनियादी ढांचा और ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए परियोजनाओं को तेजी से लागू करना है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विस्तार के साथ बिजली की खपत बढ़ाने वाले डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने समूह की प्रमुख कंपनी



अदाणी इंटरप्राइजेज के 24,930 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू को निवेशकों के भरोसे का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह उस समय हुआ जब समूह को कॉरपोरेट गवर्नेंस और नियामकीय मुद्दों को लेकर सवालों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा, 'यह ऐसा वर्ष था जब दुनिया और अधिक विभाजित और जटिल होती जा रही थी। ऊर्जा सुरक्षा फिर से राष्ट्रीय रणनीति के केंद्र में आ गई थी और तकनीक किसी भी देश की संप्रभुता से सीधे जुड़ गई थी। इसके बावजूद अदाणी समूह इस विश्वास पर अडिग रहा कि भारत का भविष्य इंतजार नहीं कर सकता।'

उन्होंने आगे कहा कि जब दूसरे लोग बहस कर रहे थे, तब अदाणी समूह निर्माण और विकास के काम में जुटा रहा तथा ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, यूटिलिटीज और औद्योगिक विनिर्माण क्षेत्रों में दुनिया के सबसे एकीकृत इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी यात्रा को आगे बढ़ाता रहा। गौतम अदाणी ने कहा कि यह प्रगति आसान परिस्थितियों में नहीं हुई। बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह को असाधारण जांच-पड़ताल और चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा, 'लेकिन हम झुके नहीं और न ही रुके।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारी पहचान हमारे आसपास के शोर से नहीं, बल्कि हमारी प्रतिक्रिया की ताकत से होती है। हमारी पहचान चुनौतियों की तीव्रता से नहीं, बल्कि हमारे उद्देश्य की स्पष्टता से होती है। आलोचनाओं से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के उस विश्वास से होती है, जिस पर हम लगातार काम कर रहे हैं।' गौतम अदाणी ने कहा, 'अमेरिका में चल रहे कानूनी मामलों से जुड़ी बातें अब पीछे छूट चुकी हैं।

इससे हमें नए आत्मविश्वास और विश्वास के साथ अपनी अगली विकास यात्रा पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला है।' उन्होंने समूह की रणनीति को दो प्रमुख विकास स्तंभों - इंफ्रास्ट्रक्चर और इंटेलिजेंस - पर आधारित बताया। उनका कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बढ़ते उपयोग के कारण बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन नेटवर्क, डेटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े पैमाने पर निवेश की आवश्यकता होगी।



## पीएम स्वनिधि योजना के तहत 75.5 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को मिले 112 लाख से ज्यादा लोन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।** एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत अब तक 75.5 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) ने 112 लाख से ज्यादा लोन का लाभ उठाया है। देश भर के रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को 17,800 करोड़ रुपए से अधिक के लोन वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा लाभार्थियों को ब्याज सब्सिडी और डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन के रूप में लगभग 800 करोड़ रुपए भी प्राप्त हुए हैं। योजना के लाभार्थियों में लगभग 46 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि करीब 70 प्रतिशत लाभार्थी वंचित और कमजोर वर्गों से आते हैं। बयान के अनुसार, इस योजना ने सूक्ष्म उद्यमों, स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं और शहरी स्थानीय निकायों के साथ रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं के एकीकरण को मजबूत किया है। पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत कोविड-19 महामारी के दौरान की गई थी, ताकि उन रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) को किफायती कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जा सके, जिनका कारोबार महामारी से गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था।

## एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में स्थिरता बरकरार

### घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतें 31 मई को अपरिवर्तित रहीं



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।

दिल्ली, मुंबई सहित देश के प्रमुख शहरों में आज 31 मई को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू और व्यावसायिक दोनों तरह के सिलेंडरों के दाम यथावत रखे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को फिलहाल किसी नई बढ़ोतरी या राहत का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह स्थिरता ऐसे समय में आई है जब पिछले तीन महीनों में ईरान युद्ध के चलते विभिन्न ईंधनों (एलपीजी, सीएनजी, पेट्रोल और डीजल) की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। राजधानी दिल्ली में रविवार को घरेलू एलपीजी सिलेंडर 913 रुपये में मिल रहा है, जबकि मुंबई में इसकी कीमत 912.50 रुपये है। कोलकाता में यह 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये पर बिक रहा है। गौरतलब है कि युद्ध शुरू होने के बाद से घरेलू सिलेंडर का दाम 60 रुपये महंगा हो चुका है। वहीं पिछले महीने व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में 900 रुपये का भारी इजाफा किया गया था, जिसके बाद से इनमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में व्यावसायिक सिलेंडर आज 3071.50 रुपये में उपलब्ध है। इन सबके बीच केंद्र सरकार ने देश में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता का आश्वासन दिया है। सरकार का कहना है कि मौजूदा परिस्थितियों में किसी को भी परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि देश में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी स्टॉक मौजूद है। केंद्र ने घरेलू कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, जिसके परिणामस्वरूप मौजूदा समय में एलपीजी उत्पादन 52,000 टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के नियमों को भी कड़ा कर दिया गया है। अब बिना ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) के सिलेंडर प्राप्त करना संभव नहीं होगा। इसके अलावा, सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन और शहरी क्षेत्रों में 25 दिन की न्यूनतम अवधि निर्धारित की है, यानी इस अवधि से पहले एलपीजी सिलेंडर की दोबारा बुकिंग नहीं की जा सकेगी।



## नई मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 लॉन्च

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।

भारतीय बाजार में हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी नई मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 लॉन्च कर दी है। कंपनी का कहना है कि यह बाइक रोजमर्रा के इस्तेमाल को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस बाइक की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 86,500 रुपये तय की है। नया मॉडल आधुनिक डिजाइन, एडवांस फीचर्स और बेहतर माइलेज के साथ पेश किया गया है। नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 में 124.7 सीसी का सिंगल सिलेंडर एयर कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 7500 आरपीएम पर 10 हॉर्सपावर और 6000 आरपीएम पर 10.6 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। कंपनी का दावा है कि प्रोग्राम्ड फ्यूल इंजेक्शन और आइडल स्टॉप-स्टार्ट तकनीक की मदद से यह मोटरसाइकिल 72 किलोमीटर प्रति लीटर तक का माइलेज देने में सक्षम है। बाइक में इंटीग्रेटेड स्टार्टर जनरेटर और आई3एस तकनीक भी दी गई है, जिससे ट्रैफिक में इंजन अपने आप बंद और दोबारा स्टार्ट हो जाता है।

इससे ईंधन की बचत में मदद मिलती है। सुरक्षा के लिहाज से इसमें फ्रंट डिस्क ब्रेक, टेलीस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन, हैजर्ड लाइट्स और हैंडलबार पर इंजन किल स्विच दिया गया है।

मोटरसाइकिल में पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलता है, जिसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी की सुविधा दी गई है। इसके जरिए राइडर को कॉल, मैसेज और फोन बैटरी से जुड़े अलर्ट दिखाई देते हैं। यह ग्लॉसी ब्लैक, कैंडी ब्लेजिंग रेड, मैट एक्सिस ग्रे, मैट नेक्सस ब्लू और मैट चेस्टनट ब्राउन जैसे पांच रंगों में उपलब्ध होगी। इसके अलावा रियल टाइम माइलेज इंडिकेटर, लो फ्यूल वार्निंग और यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट भी दिया गया है। नई बाइक को ड्यूल टोन ग्राफिक्स और प्रीमियम डिजाइन के साथ पेश किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओला की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में जल्द होगी एंट्री

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।** ओला इलेक्ट्रिक भारत के कमर्शियल इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में एंट्री करने की तैयारी कर रही है। कंपनी जल्द ही नया इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च कर सकती है, जिसे खास तौर पर फूड डिलीवरी, क्विक कॉमर्स और फ्लीट ऑपरेशन जैसे कमर्शियल उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है। जानकारी के मुताबिक इस स्कूटर को जरूरी रेग्युलेटरी मंजूरी भी मिल चुकी है। रिपोर्ट्स के अनुसार ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने फरवरी 2026 में इस स्कूटर को सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स के तहत होमोलोगेशन प्रदान किया है। यह एल1 कैटेगरी का इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा, जिसमें 4 किलोवाट की मोटर दी जाएगी। इसकी अधिकतम रफ्तार लगभग 70 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह स्कूटर कंपनी के मौजूदा ओला एस1 प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा, लेकिन इसमें कम रनिंग कॉस्ट, बेहतर रेंज और लगातार उपयोग की क्षमता पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसे खासतौर पर डिलीवरी राइडर्स और फ्लीट ऑपरेटर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

हाल ही में कंपनी के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने कहा था कि ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण गिग वर्कर्स के बीच इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर इस नए स्कूटर का जिक्र नहीं किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह स्कूटर इसी तिमाही में लॉन्च होता है, तो भारत के तेजी से बढ़ते कमर्शियल ईवी बाजार में प्रतिस्पर्धा और तेज हो सकती है।

### विनफास्ट की इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा शुरू करने की तैयारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।** भारत में विनफास्ट कंपनी अपनी मोबिलिटी यूनिट ग्रीन एंड स्मार्ट मोबिलिटी के जरिए पूरी तरह इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा शुरू करने की तैयारी में है। कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर में ड्राइवर पार्टनर्स की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुरूआती चरण में करीब 1,000 इलेक्ट्रिक वाहनों को सड़कों पर उतारने की योजना बनाई है। बाद में इसका विस्तार बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों तक किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी भविष्य में करीब 10,000 इलेक्ट्रिक वाहनों का बेड़ा तैयार कर सकती है, जिसमें मुख्य रूप से लिमो ग्रीन 7-सीटर इलेक्ट्रिक एमपीवी शामिल होंगी। इस नई सेवा की सबसे बड़ी खासियत कम किराया होगा। जानकारी के अनुसार, यात्रा का शुल्क लगभग 8 रुपये प्रति किलोमीटर रखा जा सकता है, जो मौजूदा टैक्सी सेवाओं की तुलना में सस्ता माना जा रहा है।

## इलेक्ट्रिक कारों की भारत में जबर्दस्त बिक्री, अमेरिका को पछाड़ा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 मई।

भारत ने अप्रैल 2026 के दौरान इलेक्ट्रिक कारों की मांग (पेनेट्रेशन) के मामले में अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया है। पिछले महीने इलेक्ट्रिक कारों की भारत में जबर्दस्त बिक्री हुई। वाहन रजिस्ट्रेशन के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में भारत में बिकने वाली कुल नई कारों में से 5.8 प्रतिशत इलेक्ट्रिक थीं। यह आंकड़ा मार्च 2026 के 5.1 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल के सिर्फ 3.7 प्रतिशत से काफी अधिक है। नए-नए मॉडलों के बाजार में आने से इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में यह




तेजी स्पष्ट रूप से देखी जा रही है। इसके विपरीत, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कार बाजार अमेरिका में बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी गिरकर 5.1 प्रतिशत पर आ गई। इस तरह, प्रतिशत के मामले में भारत ने इस बार अमेरिका को पछाड़कर बाजी मार ली है।

हालांकि, अगर कुल बिक्री के आंकड़ों की बात करें तो भारत अभी भी अमेरिका से काफी पीछे है, क्योंकि अमेरिका का कुल कार बाजार भारत से लगभग तीन गुना बड़ा है। अप्रैल में भारत में लगभग 23,500 इलेक्ट्रिक कारें बिकीं, जबकि अमेरिका में इसी दौरान लगभग 70,000 इलेक्ट्रिक कारें बेची गईं। अमेरिका में एलन मस्क की कंपनी टेस्ला सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक कारें बेच रही है, उसके बाद जनरल मोटर्स, फोर्ड और हुंडई जैसी कंपनियां हैं। भारत में पूरी कहानी देसी कंपनियों के इर्द-गिर्द घूम रही है, जहां टाटा मोटर्स का दबदबा कायम है। टाटा ने अप्रैल में 8,543 गाड़ियां बेचकर सालाना आधार पर 92 प्रतिशत की भारी बढ़त दर्ज की।

दूसरे स्थान पर महिंद्रा एंड महिंद्रा रही, जिसने 5,413 इलेक्ट्रिक कारें बेचीं, जबकि तीसरे पायदान पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 5,006 गाड़ियां बेचीं। वियतनाम की विनफास्ट और भारत की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने भी लगभग 1,232-1,232 कारें बेचीं। भारतीय ग्राहकों का इलेक्ट्रिक कारों की तरफ यह झुकाव अचानक नहीं बढ़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### घर का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 31 मई।** भूपानी थाना क्षेत्र के कांवरा कलां स्थित एक मकान में चोरी का मामला सामने आया है। परिवार के उत्तराखंड जाने के दौरान चोर घर के ताले तोड़कर नकदी और सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। संजय आर्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 26 मई को माता-पिता, भाई और भाभी के साथ उत्तराखंड स्थित पैतृक गांव में पूजा के लिए गए थे। दोपहर करीब 12:30 बजे उनकी पत्नी भावना घर पहुंची तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। आवाज लगाने पर एक व्यक्ति घर के अंदर से निकलकर छत के रास्ते भाग गया।

इसके बाद पड़ोसियों की मदद से घर का गेट खोला गया। अंदर अलमारियों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। जांच में भाई भारत भूषण की अलमारी से करीब 42 हजार रुपये नकद, सोने के आभूषण गायब मिले। वहीं पिता तारा चंद की अलमारी से 52 हजार रुपये चोरी पाए गए। सूचना पर पुलिस और फिंगरप्रिंट टीम ने मौके का निरीक्षण किया। बाद में शिकायत मिलने पर भूपानी थाना पुलिस ने 29 मई को चोरी और घर में घुसपैठ की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्मैक बरामदगी मामले में महिला को जमानत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 31 मई।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने 23.16 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामदगी के मामले में गिरफ्तार महिला नजराना उर्फ मल्लो की नियमित जमानत याचिका मंजूर कर ली है। महिला के खिलाफ डबुआ थाना में पांच मई को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने महिला को झूठा फंसाने और बरामदगी को संदिग्ध बताते हुए कहा कि वह पांच मई से न्यायिक हिरासत में है व मामले के ट्रायल में लंबा समय लग सकता है। अदालत ने आदेश में कहा कि बरामद स्मैक की मात्रा छोटी मात्रा से केवल थोड़ी अधिक है, इसलिए एनडीपीएस एक्ट की धारा 37 के तहत जमानत पर लागू कठोर प्रतिबंध इस मामले में प्रभावी नहीं होते हैं। अदालत ने यह भी माना कि जांच और ट्रायल पूरा होने में पर्याप्त समय लग सकता है। हालांकि महिला के खिलाफ पहले से दो अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर उसे रिहा करने का आदेश दिया था। साथ ही भविष्य में किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने की शर्त भी लगाई गई है। अभियोजन के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि नजराना अपने घर से स्मैक बेचने का काम कर रही है।

# 'हमारा प्यार हिसार' ने अध्यापकों व छात्रों के साथ मिलकर लुवास पशुचिकित्सालय परिसर में चलाया पेंटिंग अभियान

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 31 मई। शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने के अपने सतत प्रयासों के तहत 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने आज लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के पशुचिकित्सालय परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय, लुवास पशुचिकित्सालय के अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं पिछले कई दिनों से क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स को सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने परिसर में पुराने एवं अनुपयोगी टायरों को विभिन्न आकर्षक रंगों से पेंट करने का कार्य किया। इन टायरों का उपयोग परिसर की सजावट एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। रंग-बिरंगे टायर परिसर की सुंदरता में चार चांद लगाने के साथ-साथ पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे।

अभियान के दौरान सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए परिसर को स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायक बनाने में योगदान दिया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि कि ऐसे रचनात्मक प्रयास न केवल संस्थान की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों एवं आमजन में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करते हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा तथा परिसर के विभिन्न हिस्सों को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आज के अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, डॉ. राज वर्मा, डॉ. संदीप गुप्ता, राजेंद्र गहलोत, प्रो. हरीश भाटिया, अदेश मलिक, कमल भाटिया, डॉ. बी.बी. बांगा, त्रिलोक बंसल, मंजू पुनिया, डॉ. नीलेश सिंधु, मधु गोयल, सुमन एरन, ममता छाबड़ा, गगन मेहता, विजय कादियान, सत्येन्द्र यादव, राजन वर्मा, डॉ. विशाल मोहन, दिनेश बंसल, परवीन मित्तल, अनुराग परवाल, ईशा बिष्ट, नमित मुखीजा, सिद्धार्थ गोयल, राहुल, अशोक, मनीष, पंकज, अक्षु, सान्वी, मंदीप बिश्नोई, यजत, भाविका, शिवांशी, प्रज्वल, कैफी तथा सैफी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कंपनी मालिक और साथियों की लापरवाही से कर्मचारी की मौत का आरोप

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 31 मई।



एसजीएम नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक प्राइवेट कंपनी के मालिक और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 47 वर्षीय कर्मचारी की मौत का आरोप लगाया गया है। मृतक की पत्नी का आरोप है कि गुरुग्राम में ड्यूटी के दौरान उनके पति की तबीयत खराब हुई थी, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने समय पर उनका सही इलाज नहीं कराया, जिसके कारण उनकी जान चली गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी बबीता के बयान और प्राथमिक जांच के आधार पर एसजीएम नगर थाने में आरोपी कंपनी मालिक व कर्मचारियों के खिलाफ धारा 106(1) (लापरवाही के कारण मौत) और 3(5) बीएनएस के तहत 26 मई को प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

ओल्ड फरीदाबाद के संत नगर निवासी बबीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति चमन (47) मथुरा रोड स्थित अरविन्द इंजीनियर्स प्राइवेट कम्पनी में काम करते थे। 25 मई को सुबह करीब 8:30 बजे वे रोजाना की तरह ड्यूटी पर गए थे। बाद में बबीता को पता चला कि उनके पति कंपनी के ही किसी काम से अपने दो अन्य साथियों के साथ गुरुग्राम गए हुए हैं। दोपहर करीब 3:46 बजे चमन के साथ काम करने वाले दयाराम नामक कर्मचारी ने फोन कर बबीता को सूचना दी कि उनके पति की तबीयत अचानक बहुत खराब हो गई है और वे उन्हें वहीं अस्पताल में दाखिल करवा रहे हैं। कुछ समय बाद बबीता को दोबारा सूचित किया गया कि उनके पति चमन को फरीदाबाद के एनआईटी-3 स्थित ईएसआई अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जब बबीता अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची, तो वहां डॉक्टरों ने चमन को पहले ही मृत घोषित कर दिया था।

पीड़ित पत्नी बबीता ने सीधे तौर पर कंपनी के मालिक और सूचना देने वाले कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

## कपड़े की दुकान से चोरी करने वाले दो धरे

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 31 मई।



चोरी के 40 मुकदमों में नामजद दो शातिर चोरों को अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को ग्रीनफील्ड कॉलोनी की कपड़ा दुकान में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में एक पर 37 और दूसरे पर तीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात हजार रुपये भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-82 निवासी नीरज ने शिकायत दी थी कि चार जनवरी 2026 को ग्रीनफील्ड कॉलोनी स्थित उसकी कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर चोर कपड़े, कैमरे और नकदी चोरी कर ले गए थे। मामले में सूरजकुंड थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान 29 मई को अपराध शाखा सेक्टर-85 ने दिल्ली के उत्तम नगर निवासी सन्नी और जतिन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की।

## गलत दिशा से आए ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 31 मई।** झाड़सैंतली श्मशान घाट के पास एनएच-19 सर्विस रोड पर गलत दिशा से आए एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित के बयान के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस को दिए बयान में सेक्टर-10 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि 25 मई को वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से गांव झाड़सैंतली से बल्लभगढ़ की ओर लौट रहे थे। शाम के समय श्मशान घाट के पास पहुंचने पर सामने से गलत दिशा से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनके चेहरे और शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं, जबकि मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बीके अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में परिजनों ने उनका इलाज अजरौंदा चौक स्थित निजी अस्पताल में कराया।

# बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को बीस साल का सश्रम कारावास

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 मई।



साहिबाबाद क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट तृतीय ने दोषी पिता को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। अदालत से मिली जानकारी के अनुसार, किशोरी की मां ने 19 फरवरी 2024 को साहिबाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि वह पति और बच्चों के साथ किराये के मकान में रहती थी। साथ ही साफ-सफाई का काम करती थी। शिकायत के अनुसार, घटना वाले दिन वह रोज की तरह काम पर चली गई थी और बच्चों को घर पर छोड़ दिया था। काम से लौटने पर नाबालिग बेटी ने मां को बताया कि पिता ने उसके साथ गलत हरकत की है। मां ने इसकी जानकारी अपने पिता और परिजनों को दी। इसी बीच पिता घर से भाग गया। आसपास के लोगों की मदद से उसकी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला।

इसके बाद किशोरी की मां ने थाने पहुंचकर पति के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य जुटाकर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट तृतीय के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार-6 की अदालत में हुई। अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों, चिकित्सकीय रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर पिता को दोषी करार दिया।

दहेज हत्या में पति को 8 साल की सजा : लोनी थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या के 12 साल पुराने मामले में अदालत ने पति को दोषी करार देते हुए आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, साक्ष्य के अभाव में सास समेत अन्य आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया। अदालत से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी उषा का विवाह 12 दिसंबर 2008 को लोनी थाना क्षेत्र के गनोली गांव निवासी सतपाल के साथ हुआ था। आरोप था कि शादी के बाद से ही उषा पर मोटरसाइकिल और सोने की चेन लाने का दबाव बनाया जाता था। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मामले के अनुसार 25 दिसंबर 2013 को उषा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उस समय वह सात माह की गर्भवती थीं। घटना के बाद ऊषा की मां लक्ष्मी देवी ने लोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बेटी के पति सतपाल, सास शांति देवी, दो जेठों और एक अन्य पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया था।

## गली में पानी बहने के विवाद में मारपीट, बचाव करने आए पड़ोसी भी पिटे

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 31 मई।



पल्ला थाना क्षेत्र के जगमाल एन्क्लेव में गली में पानी बहने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला किया। इस झगड़े में बीच-बचाव करने आए पड़ोसियों समेत नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावरों ने पीड़ित के घर पर लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। पल्ला थाना पुलिस ने प्राथमिक जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को आरोपी दिनेश, आदेश, संजू, होरेलाल, अमर, राहुल और उनके अन्य साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


जगमाल एन्क्लेव, अजय नगर (इस्माइलपुर) निवासी बबीता कुमारी ने शिकायत में बताया कि 28 मई को गली में पानी बहाने की बात को लेकर पड़ोसी दिनेश की पत्नी के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी। इससे गुस्सा कर दिनेश और उनके भाइयों आदेश व संजू ने होरेलाल, अमर, राहुल व कई अन्य अज्ञात युवकों को मौके पर बुला लाया। आरोपियों ने आते ही उससे और उसके पति अनिल सिंह से मारपीट शुरू कर दी। गली में शोर-शराबा सुनकर जब पीड़ित परिवार को बचाने के लिए उनके पड़ोसी रवि सिंह, रामचंद्र सिंह, सुशीला देवी, बबिता देवी, प्रवीन कुमार, रिंकी देवी, शिव कुमार और अंजलि आगे आए, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और हमला कर दिया, जिससे इन सभी को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी घायलों को फरीदाबाद के बीके अस्पताल भिजवाया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## काम के बीच हल्के-फुल्के माहौल को जरूरी मानते हैं सैफ अली खान

अपनी आगामी नेटफ्लिक्स फिल्म 'कर्तव्य' को लेकर अभिनेता सैफ अली खान लगातार चर्चा में बने हुए हैं। प्रमोशन के दौरान अभिनेता सैफ अली खान ने कहा कि वह खुद को बहुत ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते और काम के बीच हल्के-फुल्के माहौल को जरूरी मानते हैं। उन्होंने अपने पुराने वायरल इंटरव्यू, अभिनय शैली और सेट पर होने वाली मस्ती को लेकर खुलकर बातचीत की। सैफ के साथ फिल्म की सह-कलाकार रसिका दुग्गल और मनीष चौधरी भी मौजूद थे। जब दोनों कलाकारों से पूछा गया कि क्या सैफ शूटिंग के दौरान भी मजेदार टिप्पणियां और वन-लाइनर्स बोलते रहते हैं, तो रसिका ने उनकी कॉमिक टाइमिंग की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सैफ उन कलाकारों में से हैं जो हर समय सेट पर मस्ती का माहौल बनाए रखते हैं। इस पर सैफ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह अपने काम को लेकर ईमानदार जरूर रहते हैं, लेकिन खुद को जरूरत से ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते।



## एफडब्ल्यूआईसीई ने किया रणवीर सिंह पर बैन लगाने का फैसला

फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉईज यानी एफडब्ल्यूआईसीई ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ बैन लगाने का फैसला किया है। यह मामला फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म के लिए हामी भरने के बाद अचानक प्रोजेक्ट छोड़ दिया, जिससे निमार्ताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर सिंह की सहमति मिलने के बाद फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू कर दिया गया था। सेट डिजाइन, लोकेशन, तकनीकी तैयारियों और अन्य व्यवस्थाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके थे। लेकिन अभिनेता के बीच में फिल्म छोड़ने के फैसले के कारण मेकर्स को करीब 45 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद फरहान अख्तर ने मामले की शिकायत एफडब्ल्यूआईसीई से की।
फेडरेशन के अध्यक्ष वीएन तिवारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद रणवीर सिंह से तीन बार संपर्क करने की कोशिश की गई.



# तेलुगु और तमिल फिल्मों में दिलचस्पी, मगर मलयालम फिल्मों में काम नहीं करना चाहतीं जाह्नवी, बताई वजह

अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। हिंदी के साथ ही साउथ की फिल्मों में काम कर चुकीं जाह्नवी कपूर ने कहा कि वह दोबारा मलयालम सिनेमा में काम नहीं करना चाहती हैं। उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई। हाल ही में फिल्म 'परम सुंदरी' में काम करने के बाद उन्होंने माना कि मलयालम भाषा उनके लिए काफी मुश्किल साबित हुई। जाह्नवी कपूर ने आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि साल 2024 में तेलुगु फिल्म 'देवराः पार्ट 1' से दक्षिण भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने के बाद अब वे खुद को कई भाषा जानने वाली अभिनेत्री मानती हैं। उन्होंने बताया, 'सच कहूं तो मुझे सभी भाषाएं सीखनी हैं। लेकिन मलयालम भाषा की फोनेटिक्स (उच्चारण) मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रही। मुझे नहीं लगता कि मुझे दोबारा मलयालम में काम करना चाहिए क्योंकि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल है। यह बहुत खूबसूरत और प्यारी भाषा है, लेकिन तमिल और तेलुगु की आवाजों से मैं काफी हद तक परिचित हूं।' साल 2018 में फिल्म 'धड़क' से करियर की शुरूआत करने वाली जाह्नवी कपूर 'गुंजन सक्सेना', 'मिली' और 'देवराः पार्ट 1' जैसी फिल्में दे चुकी हैं। जाह्नवी तेलुगु फिल्मों का भरपूर आनंद ले रही हैं और तमिल सिनेमा में भी काम करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा, 'मैं तेलुगु फिल्मों में काम करने का सच में आनंद ले रही हूं। मैं तमिल फिल्मों में भी काम करना चाहूंगी।' 'पेड्डी' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। ट्रेलर में गांव की जिंदगी, मेहनत, संघर्ष और खेलों के प्रति जुनून साफ दिखाई दे रहा है। राम चरण एथलीट 'पेड्डी' की भूमिका में हैं, जो क्रिकेट, कुश्ती और दौड़ जैसे कई खेलों के लिए मैदान में उतरता है। वर्तमान में जाह्नवी तेलुगु फिल्म 'पेड्डी' की रिलीज की तैयारी में व्यस्त हैं। बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जाह्नवी के साथ राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म में मजबूत सपोर्टिंग कास्ट भी है, जिसमें शिव राजकुमार, दिव्येंदु और बोमन ईरानी शामिल हैं। फिल्म गांव के माहौल, एक्शन और भावनात्मक कहानी का रोमांचक मिश्रण है, 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है।




# आईपीएल में मेरी भूमिका विकेटकीपिंग तक ही सीमिति नहीं थी : जुरेल

### नये गेंदबाजों का हौंसला बढ़ाने की भी थी जिम्मेदारी

**मुम्बई, यूटर्न/ 31 मई।** राजस्थान रॉयल्स के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने कहा है इस आईपीएल सत्र में उनकी टीम को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा पर उसका ध्यान सकारात्मक खेल बना रहा। टीम हालांकि क्वालीफायर में असफल रही पर उसने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया। जुरेल ने साथ ही कहा कि इस टूनार्मेंं में मेरी भूमिका केवल विकेटीपिंग और बल्लेबाजी के दौरान रन बनाने तक ही सीमित नहीं थी बल्कि पहली बार खेल रहे गेंदबाजों को हौंसला बढ़ाना और उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाना भी शामिल था। आमतौर पर बड़े मंच पर खिलाड़ियों में घबराहट और आत्मविश्वास की कमी हो जाती है। आईपीएल जैसे प्रतिस्पर्धी टूनामेंट में हर मैच में काफी दबाव होता है और उतार-चढ़ाव आते रहते है। ऐसे में टीम को मनोबल बनाए रखते हुए हर स्थिति में सकारात्मक रवैया अपनना पड़ता है। के हमारी टीम इसी लीक पर चली जिससे उसे कठिन क्षणों में भी एकजुट रहने और बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिली। यह केवल खेल रणनीति नहीं, बल्कि टीम की आंतरिक संस्कृति का हिस्सा बन गया था।



## अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले सीओई में फिटनेस जांच से गुजरेंगे पंड्या

**मुम्बई, यूटर्न/ 31 मई।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन हाल में अच्छा नहीं रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह गेंद और बल्ले दोनो से ही संघर्ष करते हुए दिखे। इस दौरान उनकी खराब फिटनेस भी सामने आ गयी जिस कारण उन्हें कुछ मैचों से भी बाहर रहना पड़ा। ऐसे में अब अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली आगामी एकदिवसीय सीरीज में खेलने से पहले उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फिटनेस जांच से गुजरना होगा। इसमें पास होने पर ही वह अफगानिस्तान के खिलाफ खेल पायेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पहले सप्ताह में सीओई पहुंच सकते हैं और करीब 10 दिनों तक वहां अपनी फिटनेस पर काम करेंगे। इस दौरान उनकी शारीरिक स्थिति और मैच फिटनेस का आंकलन किया जाएगा। पंड्या को अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है पर उनके खेलने को लेकर फैसला फिटनेस जांच में पास होने पर ही होगा। यदि वह सीओई में निर्धारित सभी फिटनेस मानकों को सफलतापूर्वक पूरा कर लेते हैं, तभी उन्हें सीरीज में खेलने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि आईपीएल के इसी सत्र में पंड्या पीठ में ऐंठन के कारण दर्द से परेशान रहे। इसी वजह से वह कई मुकाबलों में मुंबई इंडियंस के लिए उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में उनकी फिटनेस को लेकर चयनकर्ता और टीम प्रबंधन गंभीर है।




# अमेरिकी डॉलर पर ट्रंप की तस्वीर छापने 150 साल पुराना नियम बदलने की तैयारी

**अगर कानून पास हुआ तो इसे अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर जारी किया जा सकता है**

» **वॉशिंगटन , यूटर्न/ 31 मई।**

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ट्रम्प सरकार का कहना है कि अगर कांग्रेस कानून बदल देती है, तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती है। इसी नियम में बदलाव की कोशिश की जा रही है। अगर प्रस्ताव पास हो जाता है, तो ट्रम्प अमेरिकी नोट पर छपने वाले 150 साल से ज्यादा समय बाद पहले जीवित व्यक्ति होंगे।




मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बेसेंट ने बताया कि 2026 में अमेरिका अपनी स्थापना के 250 साल पूरे करेगा। ऐसे मौके पर उस समय के राष्ट्रपति की तस्वीर वाला स्मारक नोट जारी करने में कुछ गलत नहीं है। हालांकि फिलहाल यह सिर्फ प्रस्ताव है और इसे लागू करने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो ऑफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग को नए नोट का डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित डिजाइन में ट्रम्प की तस्वीर नोट के बीच में रखी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट का प्रस्ताव पिछले साल साउथ कैरोलिना के रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन ने पेश किया था।

## यौन शोषण मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को 10 साल की सजा

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 31 मई।**

अमेरिका के ओमाहा शहर में भारतीय मूल के एक 27 वर्षीय व्यक्ति को नाबालिग लड़की के यौन शोषण और मानव तस्करी से जुड़े मामले में 10 वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई है। मूल रूप से गुजरात का रहने वाला यह शख्स अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा था और वहां के एक होटल में काम करता था। यह पूरा मामला जनवरी 2025 में तब सामने आया, जब पुलिस एक चोरी की घटना की जांच करने होटल पहुंची थी, लेकिन वहां उन्हें सेक्स ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी) के पुख्ता सबूत मिले। इसके बाद होमलैंड सिक्योरिटी टास्क फोर्स और ओमाहा पुलिस विभाग की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए होटल से दो नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित बचाया, जिन्हें तस्करों द्वारा दूसरे राज्य से लाकर वहां यौन शोषण के लिए बेचा जा रहा था। पीड़ित लड़कियों ने अधिकारियों को बताया कि तस्करों ने उन्हें कमरे का किराया कम कराने के बदले होटल स्टाफ के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया था और ऐसा न करने पर होटल से बाहर निकालने की धमकी दी थी।

# आम लोगों का आरोप, 'पाकिस्तानी सेना के लगाए कर्फ्यू से हमारे जीवन पर पड़ा नकारात्मक असर'

**मश्काय के निवासियों ने बताया कि इन प्रतिबंधों ने रोजमर्रा की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित किया है और लोगों की समस्याएं बढ़ा दी हैं। हालांकि, अधिकारियों की ओर से अभी तक इन प्रतिबंधों या कर्फ्यू के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।**

» **क्वेटा, यूटर्न/ 31 मई।**



पाकिस्तानी प्रांत बलूचिस्तान के आवारन जिले के मश्काय इलाके में कर्फ्यू और आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण स्थानीय लोगों को भोजन और जरूरी सामान की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति अब दूसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है, जैसा कि स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है।

बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, सैन्य बलों की ओर से लगाई गई इन पाबंदियों के कारण मश्काय में लोगों की आवाजाही पूरी तरह सीमित हो गई है, जिससे खाद्य आपूर्ति बाधित हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से जारी कर्फ्यू के कारण बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुंचने और इलाज कराने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मश्काय के निवासियों ने बताया कि इन प्रतिबंधों ने रोजमर्रा की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित किया है और लोगों की समस्याएं बढ़ा दी हैं। हालांकि, अधिकारियों की ओर से अभी तक इन प्रतिबंधों या कर्फ्यू के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मानवाधिकार संगठन बलूच यकेहती कमिटी ने इन प्रतिबंधों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह 'जनजीवन को पूरी तरह ठप करने' के प्रयास का हिस्सा है। संगठन के अनुसार, इन कदमों से लोगों की बुनियादी स्वतंत्रता प्रभावित हुई है और वे अपने घरों तक सीमित होकर रह गए हैं।

समिति ने आरोप लगाया कि ईद जैसे अवसर पर भी लोगों को कुबार्नी के लिए जानवर खरीदने की अनुमति नहीं दी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रतिबंध केवल दैनिक जीवन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों पर भी असर डाल रहे हैं।

संगठन ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच बाधित हो रही है। स्कूल बंद होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जबकि अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## रूस-यूक्रेन संघर्षः जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर ड्रोन हमले से आईएईए चिंतित

**वियना, यूटर्न/ 31 मई।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के टरबाइन भवन पर कथित ड्रोन हमले को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी कि परमाणु केंद्रों पर हमले करना 'आग से खेलने' जैसा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना का खुलासा करते हुए आईएईए ने बताया कि उसे जेडएनपीपी की तरफ से जानकारी दी गई कि दिन में पहले एक ड्रोन ने संयंत्र के टरबाइन भवन को निशाना बनाया। बताया गया है कि इस हमले से भवन की एक दीवार में छेद हो गया। ग्रॉसी ने कहा, 'किसी भी परमाणु केंद्र से या उसके खिलाफ किसी भी तरह का हमला नहीं होना चाहिए।' उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील दोहराई ताकि परमाणु सुरक्षा और संरक्षा को खतरा न हो। सन्हिुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बताया कि संयंत्र में मौजूद आईएईए की टीम ने प्रभावित टरबाइन भवन तक पहुंचने की अनुमति मांगी है, ताकि नुकसान का मौके पर जाकर आकलन किया जा सके। आईएईए के अनुसार, अप्रैल 2024 के बाद यह पहली बार होगा जब जेडएनपीपी परिसर के अंदर किसी ड्रोन हमले की खबर सामने आई है।




## इबोला संकटः डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने देशों से सीमा बंदी और ट्रैवल बैन हटाने की अपील की



**बूनिया, यूटर्न/ 31 मई।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने उन देशों को अपने फैसले पर दोबारा से वचिार करने की अपील की है, जन्हिोंने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) और युगांडा में फैले इबोला प्रकोप के कारण यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं या अपनी सीमाएं बंद कर दी हैं। सन्हिुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, शनिवार को इतुरी प्रांत की राजधानी बुनिया में आयोजित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए टेड्रोस ने कहा कि ऐसे प्रतिबंध राहत और बचाव कार्यों को और मुश्किल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे लोगों में पारदर्शिता और भरोसा कम हो सकता है, जबकि जान बचाने के लिए यही सबसे ज्यादा जरूरी है। बुनिया इस समय इबोला प्रकोप का मुख्य केंद्र बना हुआ है। टेड्रोस ने कहा, 'मैं उन देशों से अपील करता हूं जिन्होंने यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं या सीमाएं बंद की हैं कि वे अपने फैसले पर फिर से विचार करें। ऐसे कदम बीमारी से लड़ने के प्रयासों को कठिन बना देते हैं और लोगों में पारदर्शिता और भरोसे को कम करते हैं, जबकि यही चीजें लोगों की जान बचाने में मदद करती हैं।'

## इजरायल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में 'बड़े पैमाने पर अभियान' शुरू किया

» **तेल अवीव, यूटर्न/ 31 मई।**

हिज्बुल्लाह को खत्म करने के इरादे से इजरायल का दक्षिणी लेबनान पर हमला जारी है। रविवार को बड़े पैमाने पर अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया। इजरायल डिफेंस फोर्सेस की प्रवक्ता एला वावेया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के शेबा हाइट्स (ब्यूफोर्ट रिज) और वादी-अल-सलूकी क्षेत्र में 'बड़े पैमाने पर अभियान' शुरू किया है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य 'आतंकी ढांचे को नष्ट करना और हमलावरों को समाप्त करना है। यह दक्षिणी लेबनान में परिचालन नियंत्रण को मजबूत करने और गैलीली पैनहैंडल और मेतुला बस्ती के लिए प्रत्यक्ष खतरे को समाप्त करने का हिस्सा है।'

वावेया ने कहा कि यह अभियान 'कई दिन पहले बड़े जमीनी बलों के



साथ शुरू हुआ था' और सैनिक 'अग्रिम रक्षा पंक्ति का विस्तार करने के लिए आक्रामक कार्रवाई कर रहे हैं।'

आईडीएफ प्रवक्ता के अनुसार, सेना उन लॉन्चिंग ठिकानों के खिलाफ भी कार्रवाई कर रही है, जहां से इजरायल के नागरिकों और दक्षिणी लेबनान में तैनात आईडीएफ बलों पर सैकड़ों रॉकेट और मिसाइल हमले किए गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायली बलों ने लितानी नदी को पार कर लिया है और नदी के उत्तर में हिज्बुल्लाह के खिलाफ अपने हमलों का विस्तार कर दिया है।

## ईरान सौदा करे या विनाशकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहेः अमेरिका

» **सिंगापुर, यूटर्न/ 31 मई।**

यहां आयोजित सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी रक्षा सचिव पेटे हेगसेथ ने ईरान को बेहद कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तेहरान के पास केवल दो ही रास्ते हैं– या तो वह परमाणु मुद्दे पर समझौता कर ले, अन्यथा अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक हालिया बयान का हवाला देते हुए हेगसेथ ने कहा कि ईरान या तो बातचीत की मेज पर आकर सौदा कर सकता है, या फिर सीधे अमेरिकी रक्षा विभाग से निपट सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि मौजूदा वार्ता सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है।

यह तनावपूर्ण स्थिति ऐसे समय में बनी है जब दोनों देशों के बीच एक नाजुक युद्धविराम लागू है। करीब तीन महीने पहले शुरू हुए संघर्ष के दौरान अमेरिका और इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था, जिससे सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का मार्ग प्रभावित हुआ और वैश्विक तेल आपूर्ति में भारी बाधा आई। फिलहाल इस बातचीत में मुख्य पेच शर्तों को लेकर फंसा हुआ है। अमेरिका एक ऐसे ग्रेट डील पर अड़ा है जो यह पूरी तरह सुनिश्चित करे कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार



विकसित नहीं कर पाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने मांग रखी है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को तुरंत पूरी तरह खोला जाए, समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाया जाए और ईरान अपने समृद्ध यूरेनियम के स्टॉक को नष्ट करे। इसके बदले में 60 दिनों के युद्धविराम विस्तार और व्यापक परमाणु वार्ता का प्रस्ताव है। दूसरी ओर, ईरान में पिछले हमलों के कारण भारी अविश्वास है। ईरानी नेतृत्व का पूरा ध्यान फिलहाल युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने पर केंद्रित है, न कि परमाणु शर्तों की बारीकियों पर। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की टीम की सक्रियता के बीच अमेरिकी अधिकारी इस पूरी कूटनीति को बेहद उच्च जोखिम वाली वार्ता मान रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *